महापौर की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 10 बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा के दौरान सभी सदस्यो ने अपने–अपने सुझाव साझा किए। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु 01 सिनियर गार्ड (सहायक सुरक्षा अधिकारी) एवं 99 सुरक्षा गार्ड कुल 100 की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी सदस्यो ने अपरी राय देते हुए निविदा के नियम–शर्तो का परीक्षण किये जाने के साथ वर्तमान निविदा को याथवत रखते हुए अगली निविदा होने तक कार्य में वृद्धि की गई है। इसी तारतम्य में अभिमतध्आपत्तिध्अनापत्ति प्रदाय करने जांच प्रतिवेदन में भूमि खसरा नम्बर 1558ध्1 रकबा 82300 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड आवासीय क्षेत्र है किन्तु खेल मैदान होने के कारण उसमें आपत्ति लगाया गया है। अभिमत (आपत्तिध्अनापत्ति) जांच प्रतिवेदन में खसरा नम्बर 208 रकबा 25.52 हेक्टेयर मे से 9100 वर्ग फूट भूखण्ड आवेदित स्थल पंडित दीनदयालपुरम आवासीय योजना के स्वीकृत अभिन्यास में स्थल चिन्हांकित है, उक्त भूमि का पुनः स्थल निरीक्षण करने सहमति दी गई है। रा.प्र.क्र. 202412101600004 अ–19 (1) आबंटन किये जाने के संबंध में खसरा नम्बर 1253 रकबा 17.3360 हेक्टेयर मे से 7500 वर्ग फूट भूखण्ड को समाज हित में आबंटन की मांग किया गया था। जो आवासीय क्षेत्र है, किन्तु खेल मैदान होने के कारण आपत्ति किया गया है। जोन 03 सीवर लाईन, चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवेज संपवेल, सीवेज पम्पींग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य 241.07 लाख की लागत राशि से किया जाना है। जिसमें समिति के सदस्यो ने अपनी सहमति देते हुए कार्य कराए जाने पारित किया गया। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत मुख्य राष्ट्रीय मार्ग के किनारे कर्मा चौंक से सुपेला चौंक होते लोहिया पेट्रोल पम्प तक क्षतिग्रस्त निकासी नाला का पुनः निर्माण कार्य लगभग 154.33 लाख की लागत राशि से कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य कराये जाने को पारित किया। छ.ग. में सतत योजना के तहत नगरीय ठोस अपशिष्ट बायोमास कम्प्रेष्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि हस्तांतरण कार्य को सदस्यो ने सहमति दी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का रखरखाव एवं संचालनध्संधारण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। निगम क्षेत्र में स्थित जलागार में डबल वैल्यु सिस्टम करने का कार्य को पुनः निविदा आमंत्रित करने कहा गया। तालाबो की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड मशीन क्रय कार्य जो 15वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जिसकी लागत राशि 150.00 लाख से क्रय कर कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौंबे, साकेत चंद्रकार, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, मनान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, बी.के.वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सचिव बसंत देवांगन आदि उपस्थित रहे।